रजिस्टर्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3

संख्या- 33/2025/139के-2/22-3-2024-17(444)/21

लखनऊ : दिनांक: 17 फरवरी, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018, दिनांक 01 अगस्त, 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018, दिनांक 28.07.2021 व शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर-1 एवं 2(ख) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त, 2024) के अवसर पर जिला कारागार संतकबीर नगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सहाबुद्दीन पुत्र श्री सुबराती (बन्दी संख्या-15/2023), निवासी-रामपुर रकवा, थाना-चौरी चौरा, जनपद-गोरखपुर, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-195/2007 व 41/2008 में भा0द0वि0 की धारा-148, 307/149, 302/149 व 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट गोरखपुर के आदेश दिनांक 02.11.2011 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, द्वारा जेल रिपोर्ट दिनांक 15.08.2024 के अनुसार 17 वर्ष, 02 माह, 05 दिन की अपरिहार सजा तथा 20 वर्ष, 29 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है तथा जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50,000/-(रूपये पचास हजार मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

विनोद कुमार द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
3- महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर।
5- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर।
6- अधीक्षक, जिला कारागार, संतकबीर नगर।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in